तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

14 बेमेतरा में पहली बार हुआ राज्य स्तरीय अंडर-15 शतरंज...



13 अयोध्या-बनारस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों ...





## खबर संक्षेप

### निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण बैठक आज

**बेमेतरा।** निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रक्रियाधीन है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसम्बर किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया के संबंध में आज 23 दिसम्बर मंगलवार अपरान्ह 3 बजे दृष्टि सभाकक्ष, संयुक्त जिला कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी साझा करना तथा आवश्यक सुझाव/आपत्तियों पर चर्चा करना है। प्रशासन कहा कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को भेजकर बैठक में सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि मतदाता सूची को अधिक से अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाया जा सके।

### साजा में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियों अभियान की शुभारंभ

**साजा।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ दिनांक 21 दिसंबर, को ईश्वर साहू विधायक साजा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा में बच्चों को पोलयों की दवाई पिलाकर किया गया हैं। कार्यक्रम में हिमांशु वर्मा, अध्यक्ष नगर पंचायत साजा, नेतराम साहू विधायक प्रतिनिधि विधान सभा साजा, नारदलाल देवांगन, नारद साहू, बुलाक साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष गौकरण साहू पार्षद इत्यादि उपस्थित थे। विभाग से डॉ.ए.के.वर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी, डॉ.पुणेन्द्र साहू चिकित्सा अधिकारी, लोकेश साहम, निलेश कुमार देवांगन, आरएचए, के.एन.साहू, सुपरवाईजर,बूथ टीम के सदस्य,अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### साजा विस में भाजपा की बड़ी बैठक, सभी बूथ अध्यक्ष और पदाधिकारी रहेंगे उपस्थित

**साजा।** एसआईआर के संबंध में साजा विधानसभा के पांचो भाजपा मंडल का बैठक बैठक कार्यक्रम में सभी बूथों का बीएलए एवं बूथ अध्यक्ष आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे। 23 दिसंबर को सुबह 11 बजे मंगल भवन साजा में प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार साजा व के पांचो भाजपा मंडल के समस्त पदाधिकारीयों, सभी मोर्चा के पदाधिकारीगण, शक्ति केंद्र प्रभारी, सह प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रभारियों, जिला पंचायत सदस्य, विधानसभा में निवासरत जिले एवं प्रदेश के पदाधिकारीगण, जनपद सदस्य, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, मीडिया प्रभारी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं आप सभी को सूचित किया जाता है कि हमारे भारत शेष पेज 13

# आन्दू में सड़क सुरक्षा की मांग पर विभाग सक्रिय, ब्रेकर निर्माण की प्रक्रिया शुरू

## 'मिट्टी-पोल ब्रेकर' मामले में विभाग हरकत में, इंजीनियर पहुंचे मौके पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खबर का असर

बेरला विकासखंड के ग्राम आन्दू में तेज रफ्तार वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं के खतरे और ग्रामीणों द्वारा मजबूरी में बिजली के खंभे को मिट्टी से ढककर बनाए गए अस्थायी ब्रेकर को लेकर प्रकाशित हरिभूमि की खबर का असर दिखाई दिया। खबर सामने आने के बाद संबंधित विभाग हरकत में आया और लोक निर्माण विभाग/छत्तीसगढ़ रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के इंजीनियर मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण एवं जांच की। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत सरदा-बूढ़ाजौंग-रांका मार्ग के उन्नयन एवं निर्माण कार्य के दौरान ग्राम आन्दू में तेज गति से गुजरने वाले भारी व हल्के वाहनों के कारण ग्रामीणों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खासकर आबादी वाले क्षेत्र, मोड़ और मुख्य चौक के पास दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई थी। ग्रामीणों ने सुरक्षा की दृष्टि से ठेकेदार से कई बार आवश्यक स्थानों पर ब्रेकर निर्माण की मांग की, लेकिन मांग को गंभीरता से नहीं लिया गया। ब्रेकर नहीं बनाए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने अपनी जान-माल की सुरक्षा के लिए बिजली के खंभे को मिट्टी से ढककर अस्थायी ब्रेकर बना दिए। यह असामान्य व्यवस्था क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी और इसी मुद्दे को लेकर खबर प्रकाशित हुई थी। खबर के बाद विभागीय इंजीनियर ग्राम आन्दू पहुंचे और ब्रेकर बनाए गए स्थानों का निरीक्षण किया।

### जल्द बनेगा ब्रेकर

उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान इंजीनियर ने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जहां वास्तव में आवश्यकता है, वहां नियमानुसार ब्रेकर बनाए जाएंगे, लेकिन सड़क परिवहन नियमों के तहत अत्यधिक संख्या में ब्रेकर नहीं बनाए जा सकते। इंजीनियर ने यह भी स्पष्ट किया कि सड़क पर अनधिकृत रूप से बनाए गए ब्रेकर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, इसलिए विभाग द्वारा जल्द ही चिन्हित स्थानों पर मानक के अनुरूप ब्रेकर निर्माण की कार्रवाई की जाएगी।




### सुरक्षा से जुड़ी मांगों पर होगी ठोस कार्रवाई

ग्रामीणों ने निरीक्षण पर संतोष जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि अब उनकी सुरक्षा से जुड़ी मांगों पर ठोस कार्रवाई होगी और भविष्य में तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जाएगा। यह मामला एक बार फिर दिखाता है कि जनहित से जुड़ी समस्याओं को उजागर करने पर प्रशासन को संज्ञान लेना ही पड़ता है और खबर का असर जमीन पर नजर आता।

## जनसुनवाई में 329 लोगों ने मौखिक रूप से विरोध दर्ज कराया

# नेवनारा में उद्योग प्रस्ताव का भारी विरोध, जनसुनवाई में ग्रामीण व नेता बोले- कृषि भूमि की सुरक्षा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

ग्राम नेवनारा में प्रस्तावित मैसर्स अरहम इस्पात प्राइवेट लिमिटेड को पर्यावरणीय स्वीकृति देने के उद्देश्य से आयोजित जनसुनवाई में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, किसानों और ग्रामीणों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। जनसुनवाई नर्सरी परिसर में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रकाश भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान विधायक दीपेश साहू, जोगी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, किसान नेता योगेश तिवारी, बेरला भाजपा मंडल अध्यक्ष डोमेंद्र सिंह राजपूत सहित कई जनप्रतिनिधियों ने बेमेतरा जिले को कृषि प्रधान बताते हुए उद्योग को जनहित के विरुद्ध करार दिया। वक्ताओं ने जल व वायु प्रदूषण, उपजाऊ कृषि भूमि के नुकसान, किसानों की आजीविका पर संकट और सामाजिक दुष्परिणामों की आशंका जताई। साथ ही जनसुनवाई के पर्याप्त प्रचार-प्रसार और परियोजना से जुड़ी स्पष्ट जानकारी के अभाव पर भी सवाल खड़े किए गए। शाम 5.30 बजे तक कुल 329 लोगों ने मौखिक रूप से अपना विरोध दर्ज कराया। जनसुनवाई के पश्चात पर्यावरण बचाओ सर्वदलीय समिति ने बेमेतरा जिले को औद्योगिक क्षेत्र की श्रेणी से बाहर रखने की मांग को लेकर आगे आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की।

### कृषि प्रधान जिला में उद्योग से जल व वायु प्रदूषण, किसान आजीविका पर संकट और सामाजिक दुष्परिणाम की आशंका



### किसान भूखमरी व पलायन के शिकार होंगेः विधायक दीपेश

भाजपा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि वे क्षेत्र के नागरिक होने के नाते इस उद्योग का पूर्ण विरोध करते हैं। बेमेतरा जिला किसानों की मेहनत से हरा-भरा है, लेकिन यदि प्रदूषण फैलाने वाला उद्योग यहां लगा तो कृषि भूमि बंजर हो जाएगी और किसान भूखमरी व पलायन के शिकार होंगे। उन्होंने रायपुर और दुर्ग के औद्योगिक क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां आज भी किसान और स्थानीय लोग इसके दुष्परिणाम झेल रहे हैं। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत नेवनारा, हसदा, खमतराई, पिरदा, कोहड़िया, देवादा, बोरसी सहित आसपास के गांवों के सरपंच, जनपद सदस्य, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अनेक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अमित जोगी ने उठाए प्रशासन पर सवाल

जोगी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रशासन द्वारा जनसुनवाई का कोई समुचित प्रचार-प्रसार नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना से होने वाले प्रदूषण की मात्रा, कंपनी के लिए प्रस्तावित भूमि का रकबा, प्रभावित खसरा नंबर तथा स्थानीय लोगों को मिलने वाले रोजगार की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई की सूचना जिला वेबसाइट पर तक उपलब्ध नहीं कराई गई और इसे ऐसे समय रखा गया जब किसान अपने कृषि कार्यों में व्यस्त रहते हैं।

### कांग्रेस ने किया विरोध

जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि बेमेतरा कृषि प्रधान जिला है, यहां ऐसा कोई उद्योग नहीं लगना चाहिए जिससे किसानों को नुकसान हो। किसान नेता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी ने कहा कि जिस स्थान पर उद्योग लगाने की बात की जा रही है, उसके खसरा नंबर और पहुंच मार्ग की जानकारी तक स्पष्ट नहीं है। उन्होंने पूर्व में सारडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के विरोध का उल्लेख करते हुए पुनः विरोध दर्ज कराया।

# ब्लूप्रिंट प्रशिक्षण का किया संयुक्त संचालक ने निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला ब्लॉक के गणित, भौतिकी, जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र, के हाई तथा, हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त व्याख्याताओं का 5 दिवसीय, प्रशिक्षण कार्यशाला स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस बेरला एवं बीआरसी बेरला में आयोजित है। जिसके द्वितीय दिवस पर दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक दुर्ग आर एल ठाकुर एवं सहायक संचालक दुर्ग एस एल धुरंधर के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर के द्वारा प्रशिक्षण के संबंध में फीडबैक लिया गया एवं प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने हेतु निर्देशित किया गया। प्रशिक्षार्थियों को स्कूल समय पर आने हेतु, ब्लूम टैक्सोनॉमी, एनईपी 2020 पर चर्चा, कक्षा के उपयुक्त वातावरण निर्माण करने हेतु प्रेरित किया। बच्चों को उनके बेहतर करियर के चुनाव हेतु, सही संकाय के चयन के लिए शिक्षकों को दिशा निर्देश दिए गए। ब्लू प्रिंट एवं शिक्षण शास्त्र पर आयोजित 5 पांच दिवसीय प्रशिक्षण, के प्रथम दो दिवस शिक्षण शास्त्र एवं सामान्य मुद्दों पर तथा अंतिम 3 दिवस ब्लू प्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्र निर्माण करने पर कार्यशाला आयोजित की गई है। जिसमें प्रत्येक शिक्षक ब्लू प्रिंट के आधार पर आदर्श प्रश्न पत्र का निर्माण करना सीखेंगे।

- बच्चों को बेहतर कैरियर के चुनाव व सही संकाय के चयन के लिए शिक्षकों को दिए निर्देश

### ये रहे उपस्थित

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स गणित विषय हेतु जिवधन देवांगन, जीव विज्ञान हेतु योगेंद्र वर्मा, भौतिकी हेतु श्वेता द्विवेदी, रसायन शास्त्र हेतु महेश निषाद, प्रशिक्षण प्रभारी सुरेन्द्र पटेल के साथ समस्त प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

# कस्तूरबा विद्यालय की बालिकाओं ने जीती जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला स्तरीय महिला खेलकूद एवं युवा उत्सव में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने फुटबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

और इस तरह विद्यालय को गौरवान्वित किया है। जिला स्तर पीजी कॉलेज तथा कन्तेली स्टेडियम में अलग अलग विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें जिला के सभी खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन खिलाड़ियों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा की छात्राओं ने जिला स्तर पर फुटबॉल टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिला प्रशासन एवं अतिथियों के विजेता बच्चों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित कर आशीर्वाद दिया। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे द्वारा बच्चों को बधाई देते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। उन्होंने हमेशा विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अवसर प्रदान किया। अधीक्षिका भारती घृतलहरे ने बताया कि खेल शिक्षिका नेहा वर्मा के द्वारा बच्चों को उचित मार्गदर्शन दिया जा रहा हैं।



# शिक्षा को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना सीसीआरटी का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सीसीआरटी का प्रमुख लक्ष्य शिक्षकों एवं छात्रों में भारतीय संस्कृति की विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाकर शिक्षा प्रणाली को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाना है, ताकि सांस्कृतिक ज्ञान को प्रभावी ढंग से पाठ्यक्रम में समाहित किया जा सके। इसके अंतर्गत भारतीय कला, दर्शन, सौंदर्य शास्त्र, धार्मिक परंपराओं, संस्कृत भाषा स्त्रोतों, लोकभजनों एवं आरतियों पर आधारित शैक्षिक कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

हाल ही में सीसीआरटी द्वारा आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 6 जिलों के डाइट संकाय सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में डाइट बेमेतरा से व्याख्याता श्रद्धा तिवारी एवं कीर्ति घृतलहरे ने सहभागिता की। उनके साथ भावना बैरागी एवं किरण जोत (सीटीई रायपुर), संतोष पटेल (डाइट धरमजयगढ़), विकास वर्मा (डाइट पेंड्रा), प्रतिमा साहू (डाइट जांजगीर), श्रद्धा तिग्गा (डाइट अंबिकापुर) तथा डेमिन साहू (डाइट कांकेर) प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए।




**कार्यक्रम में 6 राज्यों के प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग :** 8 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के 6 राज्यों—आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु एवं झारखंड—के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नृत्य, संगीत, अभिनय, मूर्ति कला, वास्तु कला एवं नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यालयों में शैक्षिक गतिविधियों को रोचक ढंग से संचालित करने विषय पर विभिन्न शिक्षाविदों ने अपने विचार साझा किए।

छत्तीसगढ़ डाइट टीम द्वारा राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। करमा, सुआ, पंथी, राउत नाचा जैसे लोकनृत्य, पारंपरिक गीत-संगीत, वेशभूषा एवं रहन-सहन ने सभी का मन मोह लिया। अन्य राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक प्रस्तुति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सभी जिला प्रतिनिधियों ने इस प्रशिक्षण यात्रा को अत्यंत सुखद, ज्ञानवर्धक एवं गौरवपूर्ण अनुभव बताया।

## कांग्रेस के घेराव पर भाजपा का तीखा पलटवार

# वजह बताएं, नहीं तो पहले अपने भ्रष्टाचार का हिसाब दें: हर्षवर्धन तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कांग्रेस के नगर पालिका के घेराव किए जाने पर का भाजपा ने कड़ा रुख अपनाया ओर भाजपा प्रवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने कहा कि नगर पालिका का घेराव करने से पहले कांग्रेस को ठोस वजह बतानी चाहिए। केवल राजनीतिक नौटंकी से जनता गुमराह नहीं होने वाली। नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा एवं भाजपा पार्षदों के साथ आयोजित पत्रकार वार्ता में तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार का पर्याय रही है।

केंद्र में मनमोहन सिंह सरकार से लेकर छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार तक कांग्रेस भ्रष्टाचार के आरोपों में आकंठ डूबी रही, इसी कारण जनता ने देश और प्रदेश में उन्हें नकार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बेमेतरा नगर पालिका में कांग्रेस अपने कार्यकाल के दौरान कुर्सी, गार्डन कुर्सी, वॉटर कूलर और चौकों के सौंदर्यीकरण के नाम पर किए गए भ्रष्टाचार को भूलकर आज घेराव की राजनीति कर रही है। पिछले पांच वर्षों में क्या हुआ, यह जनता ने देखा है। यही कारण है कि विधानसभा से लेकर नगर पालिका तक कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि परिषद की पहली बैठक से ही कांग्रेस पार्षदों की मानसिकता भ्रष्टाचार की रही है, जबकि जनता ने विजय सिन्हा को दूसरी बार नगर के विकास की जिम्मेदारी सौंपी है। विजय सिन्हा सुबह 5 बजे से रात 8 बजे तक जनता के बीच रहकर काम करते हैं, जबकि कांग्रेस के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जनता को ढूंढती रही और वे केवल मंचों पर नजर आते थे। पत्रकार वार्ता में भाजपा पार्षद नीतू कोठारी, सिमरन ताम्रकार, विकास तंबोली, आकिब मलकानी, गौरव साहू एवं राजकुमार खांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।




### विकास कार्यों में कोई भेदभाव नहीं

भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के भेदभाव के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए बताया कि नगर विकास में सभी वार्डों को समान रूप से लाभ दिया गया है। वार्ड 14 (कांग्रेस पार्षद तोकेश्वर साहू) में 2 करोड़ का नाला निर्माण स्वीकृत। वार्ड 02 (कांग्रेस पार्षद रीता पाण्डेय) में लगभग 70 लाख के विकास कार्य। वार्ड 09 (कांग्रेस पार्षद नीलम टंडन) में 23 लाख के कार्य। वार्ड 1(रेस पार्षद प्रकाश ठाकुर) में 39 लाख की स्वीकृति। वार्ड 15 (कांग्रेस पार्षद रश्मि फणेंद्र मिश्रा) में 10 लाख के कार्य। भाजपा ने कहा कि शहर के विकास में यह नहीं देखा जाता कि वार्ड किस पार्टी का है, बल्कि आवश्यकता को प्राथमिकता दी जाती है।

### भ्रष्टाचार में कांग्रेस नेताओं की भूमिका

हर्षवर्धन तिवारी ने कांग्रेस द्वारा राजू साहू को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके पूर्व कार्यकाल में कुर्सी घोटाला हुआ। 2.50 लाख की कुर्सियां खरीदी गईं, जो आज कहीं नजर नहीं आतीं। 48 हजार रुपये की लाइटें, 2.50 लाख के डस्टबिन और वॉटर फिल्टर खरीदी के मामले भी सवालों के घेरे में हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व कार्यकाल में कुछ पार्षदों ने निधि से मंदिर में कुर्सी व अलमारी खरीदी दिखाकर बाद में उजागर होने पर रातोंरात सामग्री भिजवाई। कई स्थानों पर वॉटर कूलर खरीदी के मामले भी सामने आए। चुनौती भाजपा ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि घेराव की राजनीति छोड़कर पहले अपने कार्यकाल के भ्रष्टाचार का जवाब दें। बेमेतरा की जनता अब सब जानती और समझती है।

# टीबी रोग मुक्त ग्राम पंचायत खैरी को किया गया सम्मानित



**नवागढ़।** जिला बेमेतरा के जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरी को टीबी रोग मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किए जाने पर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में नवागढ़ एसडीएम दिव्या पोटाई ने ग्राम पंचायत को प्रशस्ति पत्र एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर एसडीएम दिव्या पोटाई ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए ग्राम स्तर पर निरंतर जनजागरूकता, समय पर जांच, उपचार और प्रभावी निगरानी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्राम पंचायत खैरी ने सामूहिक प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल कर अन्य पंचायतों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। सम्मान प्राप्त करने वालों में ग्राम पंचायत सचिव राजनारायण कुर्रे एवं सरपंच मंजू सप्रे की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरे ग्रामवासियों, स्वास्थ्य विभाग के अमले और पंचायत टीम के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। पंचायत आगे भी स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोग नियंत्रण के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

**वारदात:** हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी नाबालिग गिरफ्तारी देने खुद पहुंचा थाना

# पंडरिया नगर में नाबालिग ने युवक को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिले में लगातार बढ़ते अपराधो और खस्ताहाल कानून व्यवस्था के बीच बीते रविवार की रात एक नाबालिग ने पंडरिया नगर निवासी युवक की हत्या कर दी। हैरानी की बात यह है कि इस तरह की वारदात को अंजाम देने के बाद अमुमन आरोपी मौके से फरार हो जाते हैं लेकिन नाबालिग ने युवक के साथ खूनी खेल खेलने के बाद मौके से भागने की वजाए खुद को पंडरिया थाना पहुंचकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी द्वारा की गई वारदात को पुख्ता करने और मृतक का शव वारदात करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। अब पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने तथा मामले की जांच में जुट गई है। पंडरिया थाना प्रभारी नितिन तिवारी के अनुसार बीते रविवार की रात करीब 9.00 बजे पंडरिया नगर पालिका कार्यालय के पीछे पुराने हॉस्पिटल परिसर के पास 23 वर्षीय युवक कुणाल पुंशेरे, निवासी घोघरा पारा, पंडरिया, की खून से लथपथ लाश मिली थी। लोगों ने जब कुणाल के शव को खून से लतपथ पड़ा देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई और इसकी जानकारी तत्काल पंडरिया पुलिस और मृतक के परिजनो को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। इस हत्याकांड में उस समय चौंकाने वाला मोड़ आया जब वारदात के बाद एक नाबालिग युवक स्वयं पंडरिया थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसी ने कुणाल की हत्या की है। आरोपी ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने युवक को पुराने हॉस्पिटल के पीछे छोड़ दिया था और उसे यह जानकारी नहीं थी कि वह जीवित है या मृत। आरोपी ने खुद को पुलिस के हवाले कर दिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी की पहचान, उम्र और हत्या के कारणों को लेकर गहन जांच कर रही है।






### घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल

पंडरिया नगर में इस तरह ये स्थानीय युवक की पत्थर से हमला कर जघन्य हत्या का मामला सामने आने के बाद पूरे नगर में सनसनी फैली हुई और लोग दहशत में है। लोग ये नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर नाबालिग ने युवक की हत्या क्यों और किस मंशा से की है फिर यह भी विचारणीय है कि हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी ने अपने आप को पुलिस के हवाले कर दिया। यह सभी नगर में लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। बहरहाल पंडरिया पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर सभी विषयों की जांच कर रही है।

### हत्याकांड में अन्य लोगों के शामिल होने की आशंका

लोगों की माने तो इस हत्याकाण्ड में नाबालिग युवक के अलावा कुछ और लोग भी शामिल हो सकते हैं। क्योंकि एक नाबालिग युवक इस तरह से अकेले हत्या जैसे अपराध को अंजाम नहीं दे सकता। नगरवासियों तथा मृतक के परिजनो ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष तथा सूक्ष्म जांच किए जाने की मांग की है।

### थाना से महज कुछ ही दूरी पर हत्या

बताया जाता है कि नाबालिग आरोपी ने इस बारदात को पंडरिया थाना से महज कुछ ही दूरी पर अंजाम दिया है। आरोपी और युवक कुणाल के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और विवाद इतना बढ़ा की आरोपी ने अपना आपा खो दिया और कुणाल पर पत्थर से ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए। सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण कुणाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। थाने के इतने करीब हुई इस वारदात के बाद स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने पंडरिया थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शहर के मुख्य इलाके में ऐसी घटना होना कानून-व्यवस्था की विफलता है।

### जिले के थाना क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे अपराध

जिले में अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ते जा रहा है जो चिंता का विषय है लेकिन उससे बड़ी चिंता का विषय यह है कि हत्या जैसी आपराधिक वारदातों को नाबालिग अंजाम दे रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र में हत्या सहित दूसरी आपराधिक गतिविधियों में तेजी से इजाफा हो रहा है। लेकिन ब्लाक मुख्यालय पंडरिया में बीती रात थाना मुख्यालय से महज कुछ ही दूरी पर इस हत्याकाण्ड ने कई सवाल खड़े कर दिए है और पुलिस की कार्यप्राणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# धारदार टंगिया से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिले के वनांचल ईलाकों में जिले के थाना झलमला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सौंरू में तीन युवकों पर धारदार टंगिया से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना 17 दिसंबर 2025 की बताई जा रही है, जब ग्राम सौंरू निवासी तीन युवक दो मोटरसाइकिलों से जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी खेदूराम बैगा ने अचानक कुल्हाड़ी फेंककर उन पर हमला कर दिया था। घटना के बाद कारण जानने युवक जब आरोपी के घर पहुंचे, तो आरोपी ने जान से मारने की नीयत से धारदार टंगिया से तीनों पर ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में घायल दो युवकों को जिला अस्पताल कवर्धा में भर्ती कराया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना झलमला में अपराध क्रमांक 17/2025, धारा 109(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की गई। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त टंगिया जब्त की। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। विवेचना के दौरान आरोपी खेदूराम बैगा पिता स्व. समारू बैगा उम्र 79 वर्ष निवासी ग्राम सौंरू थाना झलमला को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक धारदार टंगिया जप्त की गई। आरोपी को दिनांक 21 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर जिला जेल कबीरधाम भेजा गया। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक 75 संतोष मेरावी, आरक्षक 575 विजय मेरावी, आरक्षक 49 सुदर्शन धृतलहरे, आरक्षक 365 राजेन्द्र मरकाम, आरक्षक 440 शिवेन्द्र ठाकुर एवं आरक्षक 580 राजेश्वर नाग का विशेष योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

### समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक आज

**कवर्धा।** जिले में जन्म-मृत्यु के प्रकरणों के विलंबित पंजीयन एवं पंजीयन के दौरान आ रही समस्याओं के निराकरण के संबंध में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। इस संबंध में जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर 2025 को कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक के तुरंत पश्चात जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की जाएगी। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में जन्म-मृत्यु पंजीयन से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी तथा पंजीयन प्रक्रिया को सरल, सुगम एवं समयबद्ध बनाने हेतु संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की जाएगी।

# जैतपुरी के कोठार में लगी भीषण आग, 40 एकड़ पैरावट जलकर राख, किसान को नुकसान



जैतपुरी के एक कोठार में अग्नि दुर्घटना की घटना सामने आई है। जिसमें ग्रामीण किसान का कोठार में रखा करीब 40 एकड़ का पैरावट जलकर खाक हो गया। जिससे पीड़ित किसान को बड़ा नुकसान उठाना पड़ गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के दामापुर क्षेत्र के ग्राम

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जैतपुरी निवासी ग्रामीण सालिकराम यदू के कोठार में रखे 40 एकड़ के पैरावट में बीते दिनो अचानक आग लग गई। कोठार से आग की लपटें तथा धुंआ उठते देख ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। लेकिन पैरावट में लगी आग इतनी भीषण थी की ग्रामीण समय रहते आग पर काबू नहीं पा सके और पूरा का पूरा पैरावट जलकर खाक हो गया। पीड़ित किसान ने बताया की वह मवेशी पालक है और मवेशियों के लिए पैरावट रखा था लेकिन अब वह जलकर नष्ट हो गया जिससे उसे खासा नुकसान उठाना पड़ गया। हालांकि अभी तक पैरावट में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्रागीण ने इस अग्नि दुर्घटना की रपट दामापुर पुलिस चौकी में दर्ज कराई है। पुलिस अग्नि दुर्घटना का पता लगाने में जुट गई है।

### सामाजिक चुनाव...



**कवर्धा।** जिला साहू संघ कबीरधाम के पदाधिकारियों का गत दिनो चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव किया गया। इस संबंध में समाज से मिली जानकारी के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के दौरान समाज प्रमुखों द्वारा सर्वसम्मति से जिला साहू संघ का अध्यक्ष धरम राज साहू को चुना है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष कौशल साहू, उपाध्यक्ष पद( महिला) श्रीमती मनीषा साहू, संगठन सचिव लोकचंद साहू, संगठन सचिव( महिला) श्रीमती कौशिल्या साहू को चुना गया है। समाज प्रमुखों से सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकानाएं दी है। वहीं नव नियुक्त पदाधिकारियों ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से समाज हित में किए जाने का भरोसा दिया।

### जुआरियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई



**कवर्धा।** हरिनछपरा खार क्षेत्र में जुआ खेलने वालों के विरुद्ध पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चार मोटर सायकल जप्त की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के थाना कवर्धा क्षेत्रांतर्गत ग्राम हरिनछपरा खार में जुआ गतिविधियों की सूचना मुखबिर के माध्यम से प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर थाना कवर्धा एवं सायबर टीम कवर्धा द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर दबिश दी गई। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने पर जुआ खेलने वाले व्यक्ति अपनी मोटर सायकलें, ताश की 52 पत्ती एवं एक नीले रंग की चटाई छोड़कर खार का फायदा उठाकर फरार हो गए। मौके से कुल चार मोटर सायकलें क्रमशः सीजी 09 एच. 1135, बजाज पल्सर सीजी 09 जेएल 0453, हीरो होंडा एफएफ डिलक्स सीजी 09 जेसी 5759 एवं बजाज प्लेटिना सीजी 09 एच. 5931, एक ताश की 52 पत्ती एवं एक नीले रंग की चटाई विधिवत जप्त की गई। जप्त मोटर सायकलों के संबंध में मौके पर कोई मालिक उपस्थित नहीं मिलने पर थाना कवर्धा में धारा 106 बीएनएसएस के जप्त किया गया। जिला पुलिस कबीरधाम द्वारा असामाजिक गतिविधियों एवं अवैध जुआ संचालन के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त एवं सतत कार्यवाही जारी रहेगी।

# मानस मिश्रा पुनः बने अभाविप के प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाण्डातराई



विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नवीन प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। संगठन के प्रति अटूट निष्ठा, सतत सक्रियता एवं सोशल मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को ध्यान में रखते हुए मानस मिश्रा को पुनः प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश नेतृत्व ने यह निर्णय मानस मिश्रा की कार्यक्षमता, संगठनात्मक दृष्टि तथा डिजिटल माध्यमों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विचारधारा को प्रभावी एवं सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करने की उनकी क्षमता को देखते हुए लिया है। अपने पूर्व कार्यकाल में भी उन्होंने इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन की डिजिटल उपस्थिति को सशक्त बनाया है। मानस मिश्रा इससे पूर्व भी प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक एवं सह-संयोजक जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान संगठन के डिजिटल अभियानों को व्यापक पहचान मिली तथा छात्र हितों से जुड़े विषयों को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जो अत्यंत सराहनीय रहा। मानस मिश्रा की पुनः नियुक्ति पर संगठन के कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं का विश्वास है कि उनके अनुभव, समर्पण और नेतृत्व में आगामी समय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की डिजिटल उपस्थिति और अधिक सशक्त, संगठित एवं प्रभावी होगी।

# आवासीय विद्यालय, तरेगांव जंगल में हेल्थ कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

कृषि विभाग द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन 22 दिसंबर को पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, तरेगांव जंगल में किया गया। इस कार्यक्रम अंतर्गत डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सुशील कुमार वर्मा के द्वारा बच्चों को स्वायल हेल्थ कार्ड के संबंध में व्याख्यान दिया गया जिसमें मृदा नमूना संग्रहण, नमूना विश्लेषण, संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग एवं फसलों के चयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि मृदा में जैविक खाद एवं संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग कर फसल काश्त लागत में कमी लाते हुये उत्पादन में वृद्धि किस प्रकार की जा सकती है। कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सौरभ झा द्वारा छात्रों को मृदा स्वाथ्य प्रबंधन एवं स्कूल स्वायल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों से कृषि के विषय पर चर्चा की गई एवं मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही जिला कबीरधाम के भौगोलिक मृदा संरचना के विषय में स्कूली छात्र-छात्राओं से चर्चा किया गया। प्रयोगशाला सहायक के द्वारा बच्चों को मृदा नमूना विश्लेषण के संबंध में प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे बच्चों ने मृदा पीएच विश्लेषण सहित 12 अन्य पैरामीटर का विस्तारपूर्वक अध्ययन किया। कार्यक्रम के दौरान, पीएमश्री एकलब्य आदर्श आवासीय विद्यालय, तरेगांव जंगल के प्राचार्य जेके त्रिपाठी तथा कृषि विभागीय दल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**किसानों को उन्नत बीज, पीएसबी कल्चर व आदान सामग्री का किया गया वितरण**

# केवीके ने आयोजित की बायोफोर्टिफाइड गेहूं उत्पादन पर कृषक संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) कवर्धा द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के अंतर्गत बायोफोर्टिफाइड गेहूं किस्म एचआई-1636 (पूसा वकुला) की उन्नत कास्त तकनीक पर आधारित कृषक संगोष्ठी सह आदान सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन 03 दिसंबर 2025 को किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों से आए लगभग 75 कृषकों ने भाग लिया। संगोष्ठी का उद्देश्य किसानों को उन्नत, पोषणयुक्त एवं अधिक उपज देने वाली गेहूं किस्म के वैज्ञानिक उत्पादन की जानकारी देना था। परियोजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले में लगभग 30 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं फसल का प्रदर्शन लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह प्रदर्शन विकासखण्ड लोहारा के ग्राम बुधवारा एवं सलिहा तथा विकासखण्ड पण्डरिया के ग्राम खैरवारकला में किया जा रहा है। योजना के दिशा-निर्देशानुसार किसानों को गेहूं किस्म एचआई-1636 के उन्नत आधार बीज (10 वर्ष के अंदर की अवधि का) तथा बीजोपचार हेतु पीएसबी कल्चर का वितरण किया गया। प्रदर्शन से पूर्व संगोष्ठी के माध्यम से किसानों को गेहूं की वैज्ञानिक खेती की संपूर्ण जानकारी दी गई। केवीके कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी ने किसानों को गेहूं उत्पादन की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने 2-3 वर्ष के अंतराल में मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी जुताई, बीज उपचार के बाद ही बुवाई का सुझाव देते हुए तथा सीड ड्रिल से बुवाई करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं बुवाई के 20 दिन के आस पास खरपतवार नियंत्रण हेतु निंदानाशक छिड़काव का सुझाव दिया गया। उन्होंने बताया कि एचआई-1636 गेहूं किस्म मध्य भारत के लिए उपयुक्त, कम अवधि (लगभग 115 दिन) में पकने वाली, 55-65 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उपज देने वाली तथा गर्मी सहनशील किस्म है। इसमें जिंक, आयरन, कॉपर और प्रोटीन की उच्च मात्रा पाई जाती है, जिससे यह स्वादिष्ट और पौष्टिक रोटी बनाने के लिए अत्यंत उपयुक्त है।




# डॉ. वीरेन्द्र साहू ने 0 से 5 आयु वर्ग के बच्चों को पिलाई पोलियो ड्रॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिले में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जा रही है। 21 दिसंबर को जिले के 942 पल्स पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। अभियान के प्रथम दिवस कुल 1 लाख 03 हजार 218 बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई। इसी कड़ी में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम मानिकचौरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेंद्र साहू द्वारा 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के नौनिहाल को पोलियो ड्रॉप पिलाकर की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेंद्र साहू ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रभावी पहल है। उन्होंने कहा कि पोलियो की दो बूंदें हर बच्चे के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव हैं। डॉ. साहू ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो ड्रॉप पिलवाएं तथा इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पण से ही यह अभियान गांव-गांव तक सफलतापूर्वक पहुंच पा रहा है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### नेवारी-गुढ़ा में विश्व व्यापी पल्स पोलियो महाअभियान का सफल आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में 21 दिसंबर रविवार से विश्व व्यापी महाअभियान के अंतर्गत पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसी कड़ी में रविवार को प्रातः7:00 बजे ग्राम पंचायत नेवारी-गुढ़ा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, माताएं-बहनें एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थें। इस अवसर पर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई, जिससे बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित किया जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आंगनबाड़ी शिक्षक केशर डाहिरे, चम्पा कोसरिया ने कहा कि पल्स पोलियो टीकाकरण बच्चों के उज्जवल एवं स्वस्थ भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने क्षेत्र की सभी माताओं एवं बहनों से अपील की कि वे अपने बच्चों का पल्स पोलियो टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि आने वाली पीढ़ी को रोग मुक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीकाकरण कार्य को सुचारू रूप से संपन्न किया गया तथा ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

### शोकाकुल परिजनों से भेंट-मुलाकाल की: विधायक



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा में कैलाश चंद्रवंशी के निज निवास पर दादी स्व. श्रीमती सूरुज बाई चंद्रवंशी के दशगात्र कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने शोकाकुल परिवारजनों से भेंटकर कुशल-क्षेम जाना। उन्होने स्व. श्रीमती सूरूज बाई चंद्रवंशी के छायाचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान विधायक श्रीमती भावना बोहरा, ओम यदु, विकास पांडेय, मोहन चंद्रवंशी, मनहरण साहू, शेखर सिंगरौल, भागीरथी सोनवानी, संजय चंद्रवंशी, दीपचंद चंद्रवंशी, बबलू चंद्रवंशी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### चंदनपुर स्थित सांस्कृतिक मंच अत्यंत जर्जर



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड बोड़ला के अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला के आश्रित ग्राम चंदनपुर स्थित प्रधानमंत्री सड़क किनारे स्थित सांस्कृतिक मंच देख-रेख व सुधार तथा मरम्मत कार्य के अभाव में अत्यंत जर्जर और बदहाल हो चुके हैं। वहीं सांस्कृतिक मंच अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं, मिली जानकारी के अनुसार बरसात के दिनों में छत पर दीवार किनारे जल भराव की स्थिति निर्मित होने के कारण दीवार के नीचे का भाग अत्यंत क्षतिग्रस्त हो गए हैं, वहीं दीवार में मोटी-मोटी दरारे फटने व छत से पानी टपकने तथा छत से प्लास्टर गिरने से खंडहर में तब्दील हो चुकी है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा सांस्कृतिक मंच की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि रहवासियों को सांस्कृतिक मंच सुविधा का लाभ मिल सकें। बताया जाता है कि सांस्कृतिक मंच जर्जर होने के कारण सामाजिक और धार्मिक परिचर्चा करते हुए लेकिन जर्जर सांस्कृतिक मंच कभी भी छोटी बड़ी हादसा दुर्घटना को न्योता दे रहे है। जिस पर चंदनपुर के रहवासियों ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को पुरानी जर्जर सांस्कृतिक मंच को तोड़कर नया सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को नए सांस्कृतिक मंच का लाभ मिल सकें।

### गजाधर वर्मा को पुनः जिला संयोजक व प्रांत कार्यसमिति की मिली जिम्मेदारी

**हरिभूमि कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 58 वां प्रांत अधिवेशन इस्पात नगरी भिलाई में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के छात्र शक्ति का नेतृत्व करने वाले छात्र संगठन के पदाधिकारी सम्मिलित हुए, इस अधिवेशन में आगामी कार्ययोजना एवं दायित्वों की घोषणा की गई। अधिवेशन के दौरान संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता गजाधर वर्मा को उनके निरंतर संगठनात्मक कार्य, छात्रहित में सक्रिय भूमिका एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पुनः जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही उन्हें प्रांत कार्यसमिति में भी नवीन दायित्व प्रदान किया गया, गजाधर वर्मा पूर्व में कवर्धा नगर उपाध्यक्ष, नगर मंत्री, नगर सहमंत्री, सेवा कार्य प्रमुख जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वाहन करते लगातार छह वर्षो से परिषद से जुड़े हुए हैं, लगातार छात्र हित के मुद्दे को लेकर आंदोलन, प्रदर्शन भी करते दिखे हैं तथा लगातार सक्रियता को देखते हुए अभाविप के प्रांत एवं विभागीय पदाधिकारियों ने कहा कि गजाधर वर्मा का अनुभव एवं समर्पण संगठन को नई दिशा देगा और छात्रहित के कार्यो को और अधिक सशक्त बनाएगा।

### प्राथमिक शाला देवरी में अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न

**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल केन्द्र मरका में अर्धवार्षिक परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह परीक्षा 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 20 दिसंबर तक आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 01 से कक्षा 05 तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। परीक्षा के दौरान विद्यालय में अनुशासनपूर्ण एवं शांत वातावरण रहा। विद्यार्थियों ने पूरी लगन एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दी। परीक्षा संचालन में शिक्षकों द्वारा विशेष सावधानी एवं निगरानी रखी गई। इस अवसर पर शैक्षिक समन्वयक सनत तिवारी, प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा तथा शिक्षक अजित यादव उपस्थित थें। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि परीक्षा विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर के मूल्यांकन का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे उनकी सीखने की प्रगति का आकलन किया जाता है।

## पेज 11 के शेष

### साजा विस में भाजपा की बड़ी बैठक, सभी ..

देश में चल रहे एसआईआर के संबंध में बैठक रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय बघेल सांसद लोकसभा दुर्ग, श्रीमती हर्षिता पांडे बेमेतरा जिला संगठन प्रभारी, क्षेत्रीय साजा विधायक ईश्वर साहू भाजपा जिला अध्यक्ष बेमेतरा अजय साहू राजेश ठाकुर महामंत्री जिला बेमेतरा, बल्लू साहू उपाध्यक्ष भाजपा जिला बेमेतरा जितेन्द्र साहू जी जनपद अध्यक्ष साजा एवं विधानसभा साजा ,जिले तथा प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं जानकारी मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू ने दी।

---

**भ्रमण**

स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने किया धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण

# अयोध्या-बनारस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों ने जाना भारतीय संस्कृति का वैभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल नवागढ़ के कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने 18 से 22 दिसंबर तक अयोध्या एवं बनारस का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, इतिहास और धार्मिक विरासत से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी, कनक भवन तथा पावन सरयू नदी के दर्शन कर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। इसके पश्चात बनारस प्रवास के दौरान विद्यार्थियों ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। वहीं मणिकर्णिका घाट से अस्सी घाट तक गंगा नदी में नौकायन कर काशी की जीवनधारा को नजदीक से देखा। साथ ही अन्नपूर्णा मंदिर के दर्शन कर धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को समझा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल भारतीय संस्कृति और इतिहास के विविध पहलुओं को जाना, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य का भी भरपूर आनंद लिया। भ्रमण के समापन पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह यात्रा उनके जीवन का अविस्मरणीय और प्रेरणादायक अनुभव रही, जिसने उन्हें भारत की सांस्कृतिक विरासत को और गहराई से जानने के लिए प्रेरित किया।

- संस्कृति, इतिहास और आध्यात्म से जुड़ने का मिला प्रत्यक्ष अनुभव

**ये रहे शामिलः** इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के छात्र वामन साहू, प्रिंस ध्रुव, वरुण सोनकर, दानेंद्र सिंहा, कुलेश्वर निषाद, युवराज साहू, सतीश यादव, रोशन, मितीश, पीयूष, निलेश, शिवरात्रि, योगिता, भारती, रुद्रानी, गरिमा, कृति, प्रिया, तनिषा, खुशबू, शताक्षी, पूर्वी, निधि, टीना, वंदना सहित अन्य विद्यार्थी शामिल रहे। भ्रमण को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ वीरेंद्र जायसवाल, सीमा जायसवाल, नरेश कुमार साहू, गीतेश्वर यादव, रामेश्वर यादव, अजय साहू, कमलेश साहू, भुनेश साहू, चंद्रकली यादव सहित पूरे विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

### भनसुली के विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र झाल का किया शैक्षणिक भ्रमण



**बेमेतरा।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनसुली (बेमेतरा) के कृषि ट्रेड में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र झाल का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख कार्यक्रम समन्वयक डॉ. तोषण कुमार ठाकुर एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यानिकी) डॉ. लव कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को कृषि की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान डॉ. लव कुमार ने हाईटेक नर्सरी प्रबंधन, प्रो-ट्रे में पौध तैयार करने की विधि तथा कोकोपीट, परलाइट और वर्मीकुलाइट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

- कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को आधुनिक कृषि तकनीकों और कौशल विकास की जानकारी दी गई
- ऑयल पाम, फसल उत्पादन, फिश प्रोडक्शन और मशरूम उत्पादन की व्यावहारिक जानकारी साझा

इसके साथ ही ऑयल पाम की उन्नत खेती, मशीनों द्वारा तेल निष्कासन की प्रक्रिया, सीड ग्रेडिंग एवं उसके महत्व की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को गेहूं फसल में चल रहे फ्रंट लाइन डेमोंस्ट्रेशन, बीज उत्पादन प्रक्रिया, प्रजनक एवं प्रमाणित बीज के अंतर से भी अवगत कराया गया। भ्रमण के दौरान फिश प्रोडक्शन यूनिट में भारतीय मेजर कार्प मछलियों की विशेषताओं एवं पोषण आहार प्रबंधन की जानकारी दी गई। अंतिम चरण में विद्यार्थियों को ऑयस्टर मशरूम उत्पादन की तकनीक समझाई गई, जिसे कौशल विकास एवं स्वरोजगार की दृष्टि से उपयोगी बताया गया।

#### ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ भ्रमण

इसके अतिरिक्त प्राकृतिक खेती, जैविक खेती एवं मृदा परीक्षण के महत्व और तरीकों पर भी विस्तार से जानकारी साझा की गई। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के कृषि प्रशिक्षक लेखराम वर्मा, योगेश्वर कुमार साहू, पंकज यादव, वीरेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। भ्रमण का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य सुरेश चंद्र यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# लालपुर कला केंद्र में पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पिलाई गई दवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत लालपुर कला केंद्र में पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा के उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल केंद्र में पहुंचे और बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान नितेश अग्रवाल ने अभिभावकों एवं आमजन से संवाद करते हुए कहा कि पोलियो जैसी घातक बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए दो बूंद जिंदगी की बेहद आवश्यक हैं। यह अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अपील की कि 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं और इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि भारत को पोलियो मुक्त बनाने में इस अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और सतत जन जागरूकता व सहभागिता से ही इस उपलब्धि को बनाए रखा जा सकता है। अभियान के माध्यम से अंतिम छोर तक पहुंचकर हर बच्चे को दवा पिलाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थें। सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने और समाज में पोलियो के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। पल्स पोलियो अभियान के तहत क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर बच्चों को दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक दवा से वंचित न रह जाए।

# शिको-काई शीतो रियो कराते इंटरनेशनल बेमेतरा द्वारा एकदिवसीय कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शिको-काई शीतो रियो कराते इंटरनेशनल ने रविवार स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में एकदिवसीय कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा एवं छत्तीसगढ़ कराते-डू एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष रेन्शी बी. ब्रह्मया नायडू के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत गरिमामय वातावरण में संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात कराते जगत की महान विभूति, शिको-काई कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ के पूर्व चेयरमैन एवं छत्तीसगढ़ कराते-डू एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विजय तिवारी की स्मृति में उनकी तस्वीर पर पुष्पहार अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात अतिथियों, तकनीकी पर्यवेक्षकों एवं प्रशिक्षकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा के मुख्य पर्यवेक्षक एवं प्रशिक्षक के रूप में रेन्शी बी. ब्रह्मया नायडू (दुर्ग), वरिष्ठ प्रशिक्षक सेंसई देवराज धनकर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सेंसई जयंत नायडू तथा मुख्य कोच राजेश सारथी उपस्थिति रहे।

#### कठोर मानदंडों के आधार पर हुआ परीक्षार्थियों का मूल्यांकन

परीक्षा का शुभारंभ खिलाड़ियों के वार्म-अप सत्र के साथ हुआ, जिसके बाद येलो, ऑरेंज, ग्रीन, ब्लू, ब्राउन एवं ब्लैक बेल्ट के लिए निर्धारित कठोर मानदंडों के आधार पर परीक्षार्थियों का मूल्यांकन किया गया। परीक्षा के दौरान कराते की विभिन्न तकनीकों—जुकी (पंच), ऊची (प्रहार), गिरी (किक), डाची (स्टांस), किहोन, काता एवं कुमिते—में खिलाड़ियों की दक्षता का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। इसके साथ ही खिलाड़ियों के स्टेमिना, स्पीड, स्ट्रेंथ, पावर, फ्लेक्सिबिलिटी, कोऑर्डिनेशन, एजिलिटी तथा मानसिक धैर्य एवं सहनशीलता को भी परखा गया।

#### 135 प्रतिभागियों ने लिया भाग

आयोजन की विशेषता यह रही कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचलित नवीन तकनीकों एवं आधुनिक नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे स्थानीय खिलाड़ी भविष्य की उच्चस्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए वैश्विक मानकों के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। इस ग्रेडिंग परीक्षा में बेमेतरा जिले के 35 खिलाड़ियों सहित कुल 135 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर स्वर्गीय रामकिशोर वर्मा की स्मृति में सुरेश वर्मा द्वारा सभी पर्यवेक्षकों, प्रशिक्षकों एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ कराते-डू एसोसिएशन के कार्यकारी सदस्य एवं जिला कराते संघ बेमेतरा के सचिव अजय वर्मा तथा कराते-डू एसोसिएशन बिलासपुर के संयुक्त सचिव एवं मुख्य कोच राजेश सारथी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजन में जिला कराते संघ बेमेतरा के अध्यक्ष आर.डी. पटेल, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक दिनेश शर्मा, कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से उपेन्द्र सिंह सेंगर एवं अब्दुल इमरान खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### कुंभकार समाज की जिला कार्यकारी बैठक संपन्न, सुदर्शन कुंभकार बने अध्यक्ष

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज (पंजीयन क्रमांक 1322) की जिला स्तरीय कार्यकारी बैठक रेंगाखार में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में जिला, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर के पदाधिकारी, वरिष्ठ समाजजन तथा बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य संगठन को सशक्त बनाना और समाजहित से जुड़े विषयों पर विमर्श करना रहा। बैठक के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष सालिक कुंभकार ने तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया, जिसे उन्होंने प्रदेश महामंत्री हेमलाल कौशिक को सौंपा। उनके कार्यकाल की समाजजनों ने सराहना की। कार्यकारी बैठक में सर्वसम्मति से नए जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई। सुदर्शन कुंभकार को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं सुनील कुंभकार को उपाध्यक्ष, सालिक कुंभकार को सचिव, महादेव कुंभकार को कोषाध्यक्ष, जितेंद्र कुंभकार को सह सचिव, रवि कुंभकार को प्रांतीय प्रतिनिधि तथा अशोक कुंभकार को सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई।



**महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया**

# शिक्षिका विधि तिवारी के नेतृत्व में ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज लॉन टेनिस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने जीता स्वर्ण पदक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज लॉन टेनिस प्रतियोगिता में महिला कोच के रूप में शिक्षिका सुश्री विधि तिवारी के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि की विशेष बात यह रही कि कबीरधाम जिले की शिक्षिका सुश्री विधि तिवारी का चयन पहली बार इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में महिला कोच के रूप में किया गया। उनके अनुशासित मार्गदर्शन, रणनीतिक नेतृत्व एवं प्रेरणादायी प्रयासों के परिणामस्वरूप टीम ने पूरे प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सुश्री विधि तिवारी ने अपनी इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री वर्मा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आदेश एवं प्रशासनिक अनुमति के अनुसार ही उन्हें इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने एवं टीम के साथ बाहर जाने का अवसर प्राप्त हुआ, जिससे यह सफलता संभव हो सकी। छत्तीसगढ़ महिला टीम की यह उपलब्धि न केवल खेल जगत बल्कि शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी प्रेरणास्रोत है। यह सफलता राज्य की अन्य महिला खिलाड़ियों, शिक्षकों एवं युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। प्रतियोगिता में शामिल छत्तीसगढ़ टीम के सदस्य जिसमें आशुतोष पांडेय आईएएस, नगर निगम कोरबा, डॉ खेमलाल आजाद प्राध्यापक, डॉ मनोज मिंज सहायक प्राध्यापक, सुश्री ऋचा जांगड़े सहायक अध्यापक, सुश्री नीलम सोनी व्याख्याता, मुकेश वर्मा व्याख्याता, आर त्रिनाथ राव बीएफओ, सत्यम साय व्याख्याता, ऐश्वर्य दत्त मेरसा व्यायाम शिक्षक, सुश्री मुक्ता मेरसा व्यायाम शिक्षक, सुश्री पाखी भट्ट वनरक्षक, अंजनी साहू व्यायाम शिक्षक तथा महिला कोच सुश्री विधि तिवारी ने अपने चयन एवं टीम की सफलता के लिए यह उपलब्धि न केवल कबीरधाम जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव का विषय है और आने वाली पीढ़ी की महिला खिलाड़ियों एवं शिक्षकों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

### जैतपुरी-बेंदरची में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी सोमवार को हर्षोल्लास पूर्वक राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। यह दिवस महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया। गणित के महत्व को बढ़ावा देने और छात्राओं को गणित के प्रति प्रेरित करने के लिए योग शिक्षक हरिराम साहू द्वारा बाल योग शाला में गणित के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें गणित क्विज, पोस्टर प्रतियोगिता एवं गणित पर भाषण प्रतियोगिता सम्मिलित थे। इनमे प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया, इस प्रतियोगिता में जीवन पटेल ने प्रथम स्थान, कलिता साहू द्वितीय स्थान व साखी दास पटेल तथा टिकेश्वर साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पतंजलि योग प्रशिक्षक हरिराम साहू ने विद्यार्थियों को श्रीनिवास रामानुजन के जीविनी को सुनाया और गणित में उनके विशेष योगदान को बताया कि उनका जन्म 22 दिसंबर 1887 को तमिलनाडु के इरोड में हुआ था। उन्होंने गणित में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए, जिनमें पाई ($\pi$) की अनंत श्रेणी और पाई के अंकों की गणना करने के लिए अपरंपरागत तरीके शामिल हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में कक्षा 10 के विद्यार्थीगण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### सड़क अतरिया में सुशासन शिविर कल

**सड़क अतरिया।** जिला प्रशासन के निर्देशन में अगामी 24 दिसम्बर को ग्राम सड़क अतरिया में सुशासन शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। शिविर में ग्रामीण समस्या के निराकरण के लिए आवेदन दे सकते हैं। शिविर में पैलीमेटा, मोहगांव, दरबान टोला, सिंगारपुर, ठाकुरटोला, अचानकपुर, जंगलपुरघाट, मानपुरपहाड़ी, गर्रा, देवरचा, भोथली, बाईकटोरी, खुड़मुड़ी, उर्तुली, झूरानदी, श्यामपुर, लक्ष्मणपुर, कोहलाटोला, कानीमेरा, बीरूटाला, गातापार, चोरलाडीह, लंझियाटोला, लालपुर, देवपुरागंडई, नादिया, लिमो, दुल्लापुर, मुंडाटोला, खौड़ा, ढाबा, बुढ़ासागर, कृतबांस, कटंगी, ठंडार, चकनार, मानपुर, जीराटोला, खैरानवापारा, खैरबना, संडी एवं कुकुरमुड़ा के ग्रामीण शामिल होंगे।

### जरहामहाका में मड़ई 6 को

**बांधाबाजार।** जरहामहाका में आगामी 6 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु रात्रि में रंगधारा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम ओनवा की रंगारंग प्रस्तुति होगी। सरपंच मन्नूलाल चंद्रवंशी, तुलाराम, अरुण सिरमौर, चुम्मन गेंडे, सरदारीराम, टुम्मन सेन, घनश्याम साहू, कनस चंद्रवंशी आदि ने आसपास के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### धनडोंगरी मड़ई 26 को

**रामाटोला।** ग्राम धनडोंगरी आगामी 26 दिसंबर को मंडई का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ नाच पार्टी झन भूलो मां बाप ला महोबा पचपेड़ी का कार्यक्रम रखा गया है।यह जानकारी आशीष वाघमारे ने दी।

### सभापति ने हितग्राही को कराया गृह प्रवेश

**सड़क अतरिया।** गुमानपुर में सोमवार को जनपद सभापति डोमार सिंह भेड़िया ने पीएम आवास के हितग्राही इंदु जंघेल को नवनिर्मित मकान में प्रवेश कराया। इस मौके पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर फीता काटा गया। हितग्राही इंदू ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि उसका पक्के मकान में रहने का सपना पूरा हुआ। इस मौके पर सरपंच चंचला तीजे धुर्वे, सचिव सुनील वैष्णव, पंच एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### ग्रामीणों के बीच पहुंचा जिला प्रशासन

**मोहला।** सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मानपुर में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मांडवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को जागरूक होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करनी होगी, तभी शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन गांव की ओर शासन की एक सराहनीय पहल है, जिसके माध्यम से सभी जिला स्तरीय विभाग आपके द्वार तक पहुँच रहे हैं, लेकिन योजनाओं का लाभ लेने के लिए एक कदम नागरिकों को भी आगे बढ़ाना होगा।

---

**स्पर्धा : जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में खेल भावना का संदेश**

# विजय कप बेमेतरा प्रीमियर लीग का भव्य समापन, चाचा स्टार ग्रुप बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्थानीय बेसिक मैदान बेमेतरा में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता विजय कप बेमेतरा प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला खेलप्रेमियों के जबरदस्त उत्साह के बीच संपन्न हुआ।

फाइनल मैच चाचा स्टार ग्रुप एवं किंग्स इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी ने मैदान का माहौल रोमांचक बना दिया। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए किंग्स इलेवन ने निर्धारित 10 ओवरों में 148 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चाचा स्टार ग्रुप की टीम ने शानदार बल्लेबाजी और संयमित खेल का प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के अंतिम ओवरों तक संघर्ष जारी रहा, जिससे दर्शकों की धड़कनें तेज हो गईं। फाइनल मैच के अवसर पर नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष कैबिनेट दर्जा प्राप्त संजय श्रीवास्तव,




विधायक दीपेश साहू एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं कुल 1 लाख 51 हजार रुपये नगद राशि सहित विभिन्न पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में आयोजक चिकी दानी एवं जुनू हिंगोरा, उद्घोषक अभिषेक पाण्डे तथा आयोजन समिति के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। फाइनल मुकाबले के साथ ही विजय कप बेमेतरा प्रीमियर लीग का सफल समापन हुआ, जिसने क्षेत्र में उभरती खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का सराहनीय कार्य किया।

### अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा सिखाता है: श्रीवास्तव

नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि, "खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा भी सिखाता है। बेमेतरा प्रीमियर लीग जैसे आयोजन ग्रामीण और शहरी प्रतिभाओं को मंच देने का सराहनीय प्रयास हैं। युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे आना चाहिए, इससे उनका सर्वांगीण विकास होता है इसके अलावा उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों इस मैदान पर क्रिकेट खेलने की यादों अपने संबोधन बताया। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से राजेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, गौरव साहू, परमेश्वर वर्मा, बंटी चाचा, नीरज चांडक, योगेश वर्मा, अभिषेक मिश्रा एवं गौरव यदु की उपस्थिति रही, जिनकी सहभागिता से आयोजन की गरिमा और बढ़ी।

---

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने नवनियुक्त कलेक्टर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कर्मचारी/अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने जिले की नवनियुक्त कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर फेडरेशन प्रतिनिधियों ने जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक नियमित अंतराल पर आयोजित करने का निवेदन किया। मुलाकात के दौरान कलेक्टर सुश्री ममगाई ने कर्मचारियों एवं अधिकारियों के प्रति सकारात्मक रुख अपनाते हुए "ओपन डोर पॉलिसी" की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले के कर्मचारी एवं अधिकारी किसी भी समस्या या सुझाव को लेकर कभी भी उनसे सीधे मुलाकात कर सकते हैं। कलेक्टर के इस आश्वासन से उपस्थित कर्मचारियों में उत्साह देखा गया।

### ये रहे उपस्थित

सौजन्य भेंट में फेडरेशन के जिला संयोजक अश्वनी बेनर्जी, महासचिव नानक साहू, धर्मेन्द्र शर्मा (प्रांतीय उपाध्यक्ष, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ), हितेन्द्र सिन्हा, महेन्द्र टेकाम, मीडिया प्रभारी के.एस. परते, जी.एल. खुटियारे, थलज साहू, राजेश यादव, सुरेंद्र पटेल, रोमन जायसवाल, कार्तिक कैवरत्य, कमलेश निषाद, विक्रम देवांगन, सुनीलकुमार घाटे, निर्लज डिंडोरे, फागुराम साहू, वीरेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

---

**जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों ने साझा की स्मृतियां, कार्यकाल को बताया अनुकरणीय**

# कलेक्टर रणबीर शर्मा को भावभीनी विदाई सम्मान समारोह में उमड़ा प्रशासनिक अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के विवेकशील तात्कालिक कलेक्टर रणबीर शर्मा को जिला प्रशासन द्वारा एक गरिमामय एवं भावभीनी विदाई समारोह आयोजित कर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। समारोह में जिला स्तरीय अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अमला बड़ी संख्या में उपस्थित रहा।

विदाई समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री शर्मा के साथ अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए उनके प्रशासनिक कौशल, संवेदनशीलता और जनहितैषी दृष्टिकोण की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि श्री शर्मा का कार्यकाल जिले के प्रशासनिक इतिहास में सुशासन, पारदर्शिता और नवाचार के लिए सदैव



स्मरणीय रहेगा।अधिकारियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री शर्मा के नेतृत्व में जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नई गति मिली। शांतिपूर्ण परीक्षाओं का आयोजन, निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का कुशल संचालन, जनदर्शन के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियाँ रहीं। उन्होंने टीम भावना के साथ कार्य करते हुए हर अधिकारी-कर्मचारी को प्रेरित किया और कठिन परिस्थितियों में भी सकारात्मक सोच बनाए रखी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री शर्मा के सरल व्यवहार, सहज नेतृत्व और मार्गदर्शक भूमिका को याद करते हुए कहा कि वे केवल एक प्रशासक नहीं, बल्कि एक प्रेरणास्रोत रहे हैं। उनके नेतृत्व में कार्य करना सभी के लिए एक सीख और गौरव की बात रही।

### रणबीर शर्मा का भावुक उद्बोधन

इस अवसर पर तात्कालिक कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिलेवासियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बेमेतरा जिले में सेवा का अवसर उनके लिए सम्मान और गर्व का विषय रहा है। उन्होंने कहा कि जिले की सफलता पूरी प्रशासनिक टीम, फील्ड स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों और जिले की जनता के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग, स्नेह और विश्वास के लिए सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि बेमेतरा जिला सदैव उनके हृदय में विशेष स्थान रखेगा। समारोह के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रणबीर शर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि उनका कार्यकाल जिले के लिए एक अनुकरणीय अध्याय के रूप में सदैव याद रखा जाएगा।

---

# कोटा में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा हुए शामिल

**बेमेतरा।** विधानसभा के तहसील भिंभौरी अंतर्गत ग्राम कोटा में आयोजित एकदिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने कबड्डी खेल का उद्घाटन कर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि कबड्डी हमारे देश का पारंपरिक खेल है, जो न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाता है बल्कि आपसी भाईचारे, समरसता और सामाजिक सौहार्द को भी बढ़ावा देता है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में सीमित संसाधनों के बावजूद उत्कृष्ट कबड्डी खिलाड़ी उभरकर सामने आ रहे हैं, जो अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। खेल के माध्यम से युवा स्वस्थ रहते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता



है। उन्होंने ग्राम कोटा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका परिचय भी प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में ललित विश्वकर्मा, नेतराम निषाद, नवीन ताम्रकार, निहाल परगनिहा, कृष्णा चतुर्वेदी, राधेश्याम बंजारे, नरेंद्र धीवर, प्रवीण शर्मा, दीपक देशलहरे, ज्ञानचंद निषाद, तरुण निषाद, मंराम निर्मलकर, मनीराम निषाद, भूषण वर्मा, नंदकुमार मार्कण्डेय, गिरजा शंकर परगनिहा, छन्नूलाल निषाद, जामवन्त निषाद, प्रेमलाल देशलहरे, संजू निषाद, गोपाल निषाद, रजनी देशलहरे, लक्ष्मी वर्मा, माया वर्मा, अमरीका गैंड्रे, पुरन निषाद, यशवंत निषाद, यशवंत मार्कण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

# बेमेतरा में पहली बार हुआ राज्य स्तरीय अंडर-15 शतरंज टूर्नामेंट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में पहली बार राज्य स्तरीय अंडर-15 शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 21 दिसंबर को स्वाद रेस्टोरेंट, सिंघोरी बेमेतरा में किया गया। प्रतियोगिता में भिलाई के ईशान सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाना एवं उन्हें समान आयु वर्ग के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा का अवसर देना रहा।

प्रतियोगिता का उद्घाटन नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, वार्ड क्रमांक 16 की पार्षद नीतू कोठारी एवं राजेश शर्मा द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी, जिला महामंत्री पिंकी नेहा, स्वाद रेस्टोरेंट की चेयरमैन योगिता साहू, पार्षद नीतू कोठारी, राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश संरक्षक सतानंद सिंह चौहान, चेस कोच सुनीता चांडक एवं जिला शतरंज संघ बेमेतरा के जिलाध्यक्ष ठाकुर देवेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में कोरबा, बिलासपुर, भिलाई, कवर्धा, रायपुर, मुंगेली, पाटन, दुर्ग, राजनांदगांव सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता परिणाम प्रथमः ईशान सैनी (भिलाई) नकद व ट्रॉफी, द्वितीयः प्रतीक ताम्रकार (राजनांदगांव) नकद व ट्रॉफी, तृतीयः विवान राय (रायपुर) नकद व ट्रॉफी, चौथे से दसवें स्थान तक रहने वाले खिलाड़ियों को 500 नकद एवं मेडल प्रदान किए गए। केटेगरी विजेता में ऋषिका कश्यप (पाटन) दक्ष देवांगन (दुर्ग) याशू चंद्राकर (बेमेतरा) सभी प्रतिभागियों को बेमेतरा चेस क्लब की ओर से मेडल एवं सहभागिता प्रमाण पत्र दिए गए। टूर्नामेंट का संचालन लोकनाथ चंद्राकर (राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी एवं कोच) ने किया।

■ भिलाई के ईशान सैनी बने चैंपियन

मुख्य आयोजक अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी एवं जिलाध्यक्ष जिला शतरंज संघ बेमेतरा ठाकुर देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि जिले में यह अब तक का 11वां शतरंज आयोजन है, जिसमें पहली बार अंडर-15 वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। निर्णायक के रूप में आलोक सिंह क्षत्रिय, रॉकी देवांगन एवं शुभम सोनी ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

---

**विधायक दीपेश साहू ने किया विभिन्न विकाश कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमि पूजन**

# गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती पर विकास व संस्कृति का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सतनामी समाज एवं ग्राम पंचायत फरी द्वारा आयोजित गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती समारोह, लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने ग्राम के विकास को गति देते हुए जय स्तंभ चौक मे टाइल्स एवं सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन तथा डीएमएफ फंड से 10 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों से ग्रामवासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी और ग्राम के समग्र विकास को मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा की परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी ने सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज को सही



दिशा दिखाता है। सतनामी समाज ने सदैव सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों और भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।"उन्होंने आगे कहा कि विकास तभी सार्थक है जब वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। ग्राम पंचायत फरी में किए जा रहे विकास कार्य इसी सोच का परिणाम हैं। बाबा गुरु घासीदास जी के आदर्शों पर चलते हुए हम सभी को समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए।"कार्यक्रम के अंतर्गत रात्रिकालीन आयोजन में 'मां के अंगना' सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा संत गंगा के धार पंथी पार्टी, डुंडा द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक चेतना और आध्यात्मिक संदेश प्रभावी रूप से प्रस्तुत किए गए।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर पार्षद नीतू कोठारी, सरपंच लक्ष्मण प्रसाद डेहरे, परमेश्वर साहू, ओमकार साहू, उपसरपंच रामेश्वर निषाद,ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, सतनामी समाज के वरिष्ठजन, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। विधायक दीपेश साहू ने आयोजन समिति, ग्राम पंचायत एवं समस्त सतनामी समाज के प्रति सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनायें दी।

---

**रामानुजन जयंती पर गणितीय चेतना और नवाचार का संदेश**

# शासकीय महाविद्यालय थानखम्हरिया में राष्ट्रीय गणित दिवस का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखमरिया

शासकीय महाविद्यालय थानखमरिया में महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में विविध शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करना तथा दैनिक जीवन में गणित की उपयोगिता को प्रभावी ढंग से रेखांकित करना रहा। इस अवसर पर गणितीय व्याख्यान, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रंगोली एवं पुष्प सज्जा, पोस्टर प्रदर्शनी तथा विचार गोष्ठी जैसे रचनात्मक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक (गणित) प्रांजल मिश्रा एवं




हरिशंकर साहू ने अपने संबोधन में कहा कि "गणित केवल अंकों का विषय नहीं है, बल्कि यह तार्किक सोच, समस्या समाधान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का सशक्त माध्यम है।" उन्होंने श्रीनिवास रामानुजन के प्रेरणादायी जीवन एवं गणित के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुसंधान, नवाचार और सृजनात्मक चिंतन की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने भारत की प्राचीन गणितीय परंपरा, शून्य की खोज, दशमलव पद्धति तथा आधुनिक गणित में भारतीय योगदान पर अपने विचार साझा किए। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए गणित को रोचक, सरल एवं उपयोगी विषय के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सभी ने राष्ट्रीय गणित दिवस के महत्व को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन निकिता सिन्हा द्वारा किया गया।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र संजय कुमार वर्मा एवं रमेश सोनी ने शोध विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ. कन्हैया साहू, तोरण साहू, पवन सप्रे, निलेश अकेला, हरिशंकर साहू, डॉ. संगीता अकेला, नम्रता चतुर्वेदी, भावना चंद्रवंशी, मुक्ता पटेल सहित महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

# कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने संभाला बेमेतरा जिले का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले की नवपदस्थ कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने सोमवार को जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट पहुंचकर विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। सुश्री ममगाईं बेमेतरा जिले की 12वीं कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। पदभार ग्रहण करने के उपरांत कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने कलेक्ट्रेट में पदस्थ अधिकारियों से सौजन्य भेंट कर परिचय प्राप्त किया। इस दौरान जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं नारायणपुर जिले में कलेक्टर के पद पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न विभागीय कार्यालयों एवं शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं शाखा प्रभारियों को प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन में दक्षता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने कहा कि शासन की मंशानुरूप विभागीय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्यों का निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आम नागरिकों को शीघ्र राहत प्रदान करना जिला प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है।

■ कलेक्ट्रेट की शाखाओं का निरीक्षण

